न्यूयॉर्क में आयोजित गोलमेज में वैश्विक उद्योग जगत से किया आह्वान

# निवेशकों के लिए भारत में बेशुमार मौके: सीतारमण

पहल

न्यूयॉर्क | एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को नए सिरे से तैयार किया जा रहा है जिससे भारत में सभी निवेशकों तथा उद्योग के हितधारकों के लिए बेशुमार मौके हैं।

सीतारमण ने शनिवार को उद्योग मंडल फिक्की तथा अमेरिका-भारत रणनीतिक मंच द्वारा आयोजित गोलमेज में वैश्विक उद्योग जगत के दिग्गजों तथा निवेशकों से कहा, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के पुनः नियोजन तथा भारत के स्पष्ट रुख अपनाने वाले नेतृत्व की वजह से सभी निवेशकों तथा उद्योग के हितधारकों के लिए हमारे देश में काफी अवसर हैं।

वित्त मंत्री वाशिंगटन डीसी की अपनी यात्रा के बाद शुक्रवार की देर रात यहां पहुंचीं। उन्होंने कहा कि भारत में स्टार्टअप कंपनियां काफी तेजी से बढ़ी हैं और अब इनमें से कई पूंजी बाजार से धन जुटा रही हैं। इस साल ही करीब 16 स्टार्टअप यूनिकॉर्न क्लब में शामिल हुई हैं। यूनिकॉर्न से आशय एक अरब डॉलर से अधिक के मूल्यांकन से है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारण ने कहा, भारत ने चुनौतीपूर्ण समय में भी डिजिटलीकरण का पूरा लाभ उठाया है। वित्त मंत्रालय ने ट्वीट कर सीतारमण के हवाले से कहा कि वित्तीय क्षेत्र में प्रौद्योगिकी की वजह से वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिल रहा है।

वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियां इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। सीतारमण ने मास्टरकार्ड के कार्यकारी चेयरमैन अजय बंगा और मास्टरकार्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) माइकल मीबैक, फेडेक्स कॉरपोरेशन के अध्यक्ष और मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) राज सुब्रमण्यम, सिटी की सीईओ जेन फ्रेजर और आईबीएम के चेयरमैन एवं सीईओ अरविंद कृष्णा, प्रूडेंशियल फाइनेंस इंक के अंतरराष्ट्रीय कारोबार प्रमुख स्कॉट स्लीस्टर और लेगाटम के मुख्य निवेश अधिकारी फिलिप वासिलियो से भी मुलाकात की।



वाशिंगटन में शनिवार को भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधु के साथ निर्मला सीतारमण।

## भारत में निवेश जारी रखेगा मास्टर कार्ड

मीबैक ने कहा कि मास्टर कार्ड भारत में निवेश करना जारी रखेगी। सुब्रमण्यम ने कहा, भारत में फेडएक्स का कारोबार काफी तेजी से बढ़ रहा है। भारत को लेकर हम काफी उत्साहित हैं। यह तथ्य कि हमारे पास वैश्विक हवाई नेटवर्क है, सिर्फ इस वजह से हम भारत में जरूरत होने पर कोविड-19 से संबंधित सामग्री पहुंचा सकते हैं। सिटी की सीईओ जेन फ्रेजर ने कहा कि भारत ने जो डिजिटीकरण किया है वह वास्तव में प्रभावशाली है। उन्होंने कहा, भारत डिजिटल व्यापार और डिजिटल सेवाओं का एक प्रमुख केंद्र होगा।

**16**
स्टार्टअप यूनिकॉर्न क्लब यानी एक अरब डॉलर में इसी साल शामिल

## अर्थव्यवस्था पटरी पर लौट रही: मुरलीधरन

विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती से पटरी पर लौट रही है। घरेलू खपत बढ़ रही है और औद्योगिक उत्पादन कोविड-19 के पहले के स्तर पर है। मुरलीधरन ने कहा कि भारत की नरेन्द्र मोदी सरकार ने सुधार, क्रियान्वयन और बदलाव के मंत्र से दीर्घकालिक ढांचागत सुधार किए हैं। इन सुधारों में डिजिटल तरीके से लेनदेन से लेकर बैंकिंग सुधार, भ्रष्टाचार पर रोक, महंगाई रोकना आदि शामिल है। अब 90 प्रतिशत से अधिक एफडीआई मंजूरी को स्वत: मंजूरी क्षेत्र में रखा गया है। हम प्रत्येक क्षेत्र में रचनात्मकता और नवोन्मेष की पारिस्थितिकी को बढ़ावा दे रहे हैं।